**BHADOHI POLICE**

**प्रेस-नोट**

**सराहनीय कार्य, जनपद भदोही** **दिनांक-17.03.2025**

**◆थाना दुर्गागंज पुलिस टीम को मिली बड़ी कामयाबी**

**◆जनपद में पशु चोरी करने वाले गैंग का पर्दाफाश**

**◆पशु चोरी करने वाले गिरोह के 03 शातिर अभियुक्त चढ़े पुलिस के हत्थे**

**◆कब्जे से चोरी की भैंस बरामद**

**◆भैंस चोरी के उपरांत बिक्री करने के थे फिराक में**

**◆गिरफ्तारशुदा अभियुक्तों के अन्य आपराधिक घटनाओं में संलिप्तता के संबंध में की जा रही जांच**

घटनाक्रम:-

दिनांक 16.03.2025 को सूचनाकर्ता श्री रियाजुद्दीन निवासी आनन्दडीह थाना दुर्गागंज जनपद भदोही द्वारा थाना दुर्गागंज पर सूचना दिया गया कि दिनांक 14/15.03.2025 की रात्रि में उनके घर के सामने बंधी भैंस को पशु चोरों द्वारा चोरी कर लिया गया है। सूचना पर तत्समय ही आरोपियों के विरुद्ध मु0अ0सं0-25/2025 धारा 303(2) बी.एन.एस का अभियोग पंजीकृत करते हुए चोरी गई भैंस के बरामदगी के प्रयास सहित विधिक कार्यवाही प्रचलित की गई।

श्री अभिमन्यु मांगलिक, पुलिस अधीक्षक भदोही द्वारा पंजीकृत चोरी की घटनाओं के शीघ्र अनावरण व अभियुक्तों की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु निर्देश व डॉ0 तेजवीर सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक के कुशल पर्यवेक्षण में दिनांक 16.03.3025 को सायं थाना दुर्गागंज पुलिस टीम द्वारा पशु चोरी के संबंध में थाना स्थानीय पर पंजीकृत अभियोग मु0अ0सं0 25/25 धारा 303(2) बी0एन0एस0 का सफल अनावरण करते हुए पशु चोरी की घटना को अंजाम देने वाले गिरोह के तीन पशु चोरों- 01.मो0 सुहैल पुत्र मो0 जुवैर 02.अल्ताफ पुत्र मकसुद 03.जाविद उर्फ लल्ला पुत्र नियामत निवासीगण ग्राम आनन्दडीह थाना दुर्गागंज जनपद भदोही को शहीद बाबा मजार ग्राम आनंदडीह के पास से गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है। गिरफ्तारशुदा अभियुक्तों के निशानदेही पर ग्राम सायपुर थाना हण्डिया जनपद प्रयागराज से चोरी की भैंस बरामद किया गया है। अभियुक्तों के अन्य आपराधिक घटनाओं में संलिप्तता के संबंध में जांच की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्तों का नाम व पता-**

1.मो0 सुहैल पुत्र मो0 जुवैर निवासी ग्राम आनन्दडीह थाना दुर्गागंज जनपद भदोही उम्र करीब 20 वर्ष

2.अल्ताफ पुत्र मकसुद निवासी ग्राम आनन्दडीह थाना दुर्गागंज जनपद भदोही उम्र करीब 21 वर्ष
3.जाविद उर्फ लल्ला पुत्र नियामत निवासी ग्राम आनन्दडीह थाना दुर्गागंज जनपद भदोही उम्र करीब 26 वर्ष

**बरामदगी का विवरण-**

अभियुक्तों के निशानदेही पर थाना हंडिया क्षेत्र से चोरी की भैंस बरामद

**गिरफ्तारी का दिनांक-**

16.03.2025

- समय- 18.00 बजे
- स्थान- ग्राम सायपुर थाना हण्डिया जनपद प्रयागराज।

**गिरफ्तारी व बरामदगी करने वाली टीम-**

01.थानाध्यक्ष मनीष द्विवेदी
02.वरि0उ0नि0 रामनयन यादव
03.उ0नि0 रामचन्द्र सरोज
04.उ0नि0 प्रवीण कुमार यादव
05.कां0 रोहित कुमार गौतम
06.कां0शैलेन्द्रकुमार
थाना दुर्गागंज जनपद भदोही

